**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1654**
**उत्तर देने की तारीख 13 फरवरी, 2023**
**सोमवार, 24 माघ,1944 (शक)**

## रोजगार सृजन के लिए योजनाएं

**1654. सुश्री एस. जोतिमणि:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने कीकृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यालय और बिक्री केन्द्रखोलने के लिए निजी कंपनियों को प्रोत्साहित करने के लिए पहलकी है और इसके लिए बजटीय सहायता प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने कम आय वाले परिवारोंअथवा ग्रामीण क्षेत्रों में जन्मे हाल ही में स्नातक हुए लोगों को निजीक्षेत्र में उपयुक्त और अच्छी नौकरियां खोजने में सहायता प्रदानकरने के लिए कदम उठाए हैं;

(ग) सरकार द्वारा ऐसे स्नातकों को प्लेसमेंट/साक्षात्कार औरबायोडाटा निर्माण शुरू करने में प्रदान की गई सहायता का ब्यौराक्या है;

(घ) तमिलनाडु राज्य में स्थापित कौशल विकास केन्द्रों कीसंख्या के संबंध में आंकड़े क्या हैं और विभिन्न योजनाओं केअंतर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की जिला-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भौतिक रूप से कैरियरपरामर्श सेवाएं प्रदान करती है और क्या वह सभी सरकारी स्कूलोंद्वारा शैक्षिक और कैरियर परामर्श सेवाएं प्रदान करना अनिवार्य करने पर विचार करेगी?

**उत्तर**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री**
**(श्री राजीव चंद्रशेखर)**

(क) से (ग) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने कुशल भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों अर्थात प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) (पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0) प्रशिक्षण केंद्र (प्रधान मंत्री कौशल केंद्र सहित), जन शिक्षण संस्थान, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) में विभिन्न पंजीकृत उद्यमों के माध्यम से एक व्यापक कुशल भारत नेटवर्कतैयार किया है।ये प्रशिक्षण केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में फैले

हैं। प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना और प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कौशल समितियों द्वारा विकसित जिला कौशल विकास योजनाओं द्वारा निर्देशित किए जाते हैं। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत समर्थित अधिकांश प्रशिक्षण केंद्र निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रबंधित और संचालित किए जाते हैं, जबकि जन शिक्षण संस्थान कौशल विकास के लिए समर्थित एनजीओ हैं। इसके अलावा, लगभग 78% आईटीआई निजी हैं। पीएमकेवीवाई और जेएसएस के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2019-20, वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के दौरान राज्यों को संवितरित कुल निधि क्रमशः 3103.18 करोड़ रुपए और 343.11 करोड़ रुपए है।आईटीआई के संबंध में दैनिक प्रशासन के साथ-साथ वित्तीय नियंत्रण संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के पास है। एनएपीएस के अंतर्गत प्रतिष्ठनों को वृत्तिका सहायता देकर प्रोत्साहित किया जाता है। सरकार एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से जॉब की खोज और मैचिंग, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी आदि जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित कर रही है।एनएससीपरियोजना का उद्देश्य जॉब की चाह रखने वालों और नियोक्ताओं तक निर्बाध पहुंच, देश के इच्छुक युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर प्रदान करना और करियर विकास सहायता की सुविधा प्रदान करना है।इसके अलावा, एनएससीपरियोजना के तहत विभिन्न जिला रोजगार कार्यालयों और संस्थानों में स्थापित मॉडल करियर केंद्रों के माध्यम से कैरियर परामर्श और व्यावसायिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है।

(घ) तमिलनाडु राज्य में एमएसडीई की विभिन्न स्कीमों अर्थात पीएमकेवीवाई, जेएसएस, सीटीएस (आईटीआई) के अंतर्गत प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या क्रमश: अनुबंध-I, अनुबंध-II और अनुबंध-III पर है। तमिलनाडु राज्य में पीएमकेवीवाई, जेएसएस, सीटीएस (आईटीआई) के तहत स्थापित कौशल विकास केंद्रों की संख्या क्रमशः अनुबंध-IV, अनुबंध-V और अनुबंध-VI में दी गई है।

(ङ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर कम करने और सभी स्तरों पर शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने जैसे विविध लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयोजन से स्कूल स्तर पर करियर मार्गदर्शन/परामर्श प्रदान करना और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों को उच्च शिक्षा में सफलतापूर्वक लाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ छात्रों की रूचि और प्रतिभाओं की पहचान करके देश में अनुसंधान की गुणवत्ता तथा मात्रा में परिवर्तनलाना है। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय सरकारी विद्यालयों अर्थात केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए करियर परामर्श सत्र आयोजित किए जाते हैं।

**अनुबंध-I**

**'रोजगार सृजन के लिए योजनाएं' के संबंध में दिनांक 13.02.2023 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1808 के उत्तर के संदर्भ में अनुबंध।**

**पीएमकेवीवाई:** वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या:

| जिला | प्रशिक्षित |
|---|---|
| अरियालुर | 805 |
| चेंगलपट्टू | 1 |
| चेन्नई | 3,591 |
| कोयंबटूर | 1,628 |
| कुड्डालोर | 1,141 |
| धर्मपुरी | 271 |
| डिंडीगुल | 1,451 |
| इरोड | 1,065 |
| कल्लाकुरिची | - |
| कांचीपुरम | 2,634 |
| कन्याकुमारी | 21 |
| करूर | 670 |
| कृष्णागिरी | 270 |
| मदुरै | 524 |
| नागपट्टिनम | 297 |
| नमक्कल | 674 |
| पेरम्बलुर | 376 |
| पुदुक्कोट्टई | 100 |
| रामनाथपुरम | 1,015 |
| रानीपेट | 59 |
| सलेम | 490 |
| शिवगंगा | 941 |
| तंजावुर | 714 |
| नीलगिरी | 543 |
| थैनी | 73 |
| तिरुवल्लुर | 3,013 |
| थिरुवरूर | 881 |
| तिरुचिरापल्ली | 675 |
| तिरुनेलवेली | 326 |
| तिरुपथुर | 270 |
| तिरुपूर | 393 |
| तिरुवन्नामलाई | 948 |
| तूतीकोरिन | 214 |
| वेल्लोर | 1,745 |
| विल्लुपुरम | 856 |
| विरुधुनगर | 382 |

**अनुबंध-II**

**जेएसएस:**वित्त वर्ष 2021-22 के लिए, तमिलनाडु राज्य में प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या:

| **जेएसएस का नाम** | **प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या** |
|---|---|
| जेएसएस कांचीपुरम | 1781 |
| जेएसएस मदुरै | 1800 |
| जेएसएस नागपट्टिनम | 1800 |
| जेएसएस नमक्कल | 1800 |
| जेएसएस शिवगंगा | 1682 |
| जेएसएस तिरुवरूर | 1800 |
| जेएसएस तिरुचिरापल्ली | 1800 |
| जेएसएस विरुधुनगर | 1582 |
| **योग** | **14045** |

**अनुबंध-III**

**सीटीएस (आईटीआई):** वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान तमिलनाडु राज्य में प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या

| जिला | प्रशिक्षित |
|---|---|
| अरियालुर | 551 |
| चेंगलपट्टू | 675 |
| चेन्नई | 1488 |
| कोयंबतूर | 1189 |
| कुड्डालोर | 1527 |
| धर्मपुरी | 314 |
| डिंडीगुल | 915 |
| इरोड | 553 |
| कल्लाकुरिची | 864 |
| कांचीपुरम | 265 |
| कन्याकुमारी | 768 |
| करूर | 269 |
| कृष्णागिरी | 531 |
| मदुरै | 1171 |
| माइलादुत्रयी | 327 |
| नागपट्टिनम | 662 |
| नामक्कल | 344 |
| पेरम्बलुर | 333 |
| पुदुक्कोट्टई | 781 |
| रामनाथपुरम | 649 |
| रानीपेट्टई | 540 |
| सलेम | 1334 |
| शिवगंगा | 436 |
| तेनकासी | 639 |
| तंजावुर | 1400 |
| नीलगिरी | 280 |
| थेनी | 766 |
| तिरुवल्लुर | 936 |
| थिरुवरुर | 469 |
| थूथुक्कुडी | 911 |
| तिरुचिरापल्ली | 1818 |
| तिरुनेलवेली | 865 |
| तिरुप्पाथुर | 256 |
| तिरुपूर | 600 |
| तिरुवन्नामलाई | 1108 |
| वेल्लोर | 713 |
| विल्लुपुरम | 615 |
| विरुधुनगर | 634 |

**अनुबंध-IV**

**पीएमकेवीवाई:** पीएमकेवीवाई (1.0, 2.0 और 3.0) के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में स्थापित प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या:

| जिला | पीएमकेवीवाई 1.0 | पीएमकेवीवाई 2.0 | पीएमकेवीवाई 3.0 |
|---|---|---|---|
| अरियालुर | 10 | 13 | 5 |
| चेन्नई | 103 | 59 | 23 |
| कोयंबटूर | 104 | 72 | 11 |
| कुड्डालोर | 32 | 35 | 11 |
| धर्मपुरी | 18 | 28 | 3 |
| डिंडीगुल | 47 | 62 | 8 |
| इरोड | 59 | 41 | 8 |
| कल्लाकुरिची | 0 | 0 | 1 |
| कांचीपुरम | 55 | 50 | 10 |
| कन्याकुमारी | 24 | 17 | 1 |
| करूर | 17 | 11 | 3 |
| कृष्णागिरी | 14 | 30 | 4 |
| मदुरै | 48 | 36 | 14 |
| नागपट्टिनम | 10 | 9 | 4 |
| नमक्कल | 35 | 45 | 6 |
| पेरम्बलुर | 9 | 15 | 4 |
| पुदुक्कोट्टई | 6 | 14 | 2 |
| रामनाथपुरम | 4 | 18 | 9 |
| रानीपेट | 0 | 0 | 2 |
| सलेम | 65 | 49 | 8 |
| शिवगंगा | 19 | 21 | 8 |
| तंजावुर | 17 | 30 | 8 |
| नीलगिरी | 4 | 5 | 3 |
| थैनी | 16 | 15 | 3 |
| तिरुवल्लुर | 44 | 46 | 10 |
| थिरुवरुर | 7 | 12 | 6 |
| तिरुचिरापल्ली | 62 | 35 | 13 |
| तिरुनेलवेली | 31 | 38 | 6 |
| तिरुपूर | 42 | 56 | 8 |
| तिरुवन्नामलाई | 31 | 32 | 10 |
| तूतीकोरिन | 15 | 19 | 5 |
| वेल्लोर | 140 | 77 | 7 |
| विल्लुपुरम | 23 | 27 | 9 |
| विरुधुनगर | 34 | 54 | 8 |

**अनुबंध-V**

**जेएसएस: तमिलनाडु राज्य में प्रचालनरत जेएसएस की सूची:**

| **ज़िला** |
|---|
| कांचीपुरम |
| मदुरै |
| नागपट्टिनम |
| नमक्कल |
| शिवगंगा |
| तिरुचिरापल्ली |
| तिरुवरुर |
| विरुधुनगर |

**सीटीएस (आईटीआई):** तमिलनाडु राज्य में प्रचालनरत आईटी की संख्या:

| जिले का नाम | सरकारी | निजी | पीपीपी |
|---|---|---|---|
| अरियालुर | 2 | 5 | 0 |
| चेंगलपट्टू | 1 | 8 | 0 |
| चेन्नई | 5 | 13 | 1 |
| कोयंबतूर | 3 | 16 | 0 |
| कुड्डालोर | 5 | 23 | 2 |
| धर्मपुरी | 1 | 3 | 0 |
| डिंडीगुल | 2 | 11 | 1 |
| इरोड | 1 | 13 | 1 |
| कल्लाकुरिची | 3 | 7 | 2 |
| कांचीपुरम | 0 | 8 | 0 |
| कन्याकुमारी | 2 | 14 | 2 |
| करूर | 1 | 6 | 0 |
| कृष्णागिरी | 1 | 4 | 0 |
| मदुरै | 3 | 11 | 2 |
| माइलादुत्रयी | 0 | 9 | 0 |
| नागपट्टिनम | 3 | 5 | 1 |
| नामक्कल | 2 | 9 | 0 |
| पेरम्बलुर | 2 | 5 | 0 |
| पुदुक्कोट्टई | 2 | 15 | 1 |
| रामनाथपुरम | 3 | 4 | 3 |
| रानीपेट्टई | 2 | 10 | 2 |
| सलेम | 4 | 15 | 2 |
| शिवगंगा | 2 | 9 | 0 |
| तेनकासी | 3 | 11 | 2 |
| तंजावुर | 3 | 18 | 0 |
| नीलगिरी | 2 | 5 | 1 |
| थैनी | 3 | 8 | 2 |
| तिरुवल्लुर | 3 | 15 | 2 |
| थिरुवरुर | 1 | 11 | 1 |
| थूथुक्कुडी | 4 | 12 | 1 |
| तिरुचिरापल्ली | 5 | 22 | 1 |
| तिरुनेलवेली | 3 | 14 | 0 |
| तिरुप्पाथुर | 0 | 4 | 0 |
| तिरुपूर | 3 | 6 | 1 |
| तिरुवन्नामलाई | 2 | 23 | 0 |
| वेल्लोर | 1 | 13 | 0 |
| विल्लुपुरम | 1 | 21 | 0 |
| विरुधुनगर | 3 | 11 | 1 |

*******